# University in News on 26 April 2021

University of Lucknow | Centenary Year

लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

### लविवि : चार और शिक्षक पॉजिटिव

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के चार और शिक्षक संक्रमित हो गए हैं। अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, पत्रकारिता व संस्कृत विभाग के एक-एक शिक्षक कोरोना की चपेट में आ गए हैं। इसमें कुछ होम आइसोलेशन में हैं जबकि कुछ भर्ती हैं। इससे पहले दो दर्जन से अधिक शिक्षक संक्रमित हो चुके हैं। जबकि पांच वर्तमान व पूर्व शिक्षकों का निधन हो चुका है। (माई सिटी रिपोर्टर)



### निवेदिता छात्रावास में चल रहा योग शिविर, लगी मास्क वेंडिंग मशीन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया योजना के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में मास्क डिस्पेंसिंग मशीन लगाई गई है। मशीन पूरी तरह से भारत में निर्मित है। मास्क वेंडिंग मशीन में छात्र मात्र पांच रुपये में मास्क प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थी इसका लाभ भी ले रहे हैं। कोरोना संक्रमण के कारण विवि में जहां कक्षाएं पूरी तरह से ऑनलाइन चल रही हैं। वहीं, छात्रावास पूरी तरह से खाली हो चुके हैं। सिर्फ निवेदिता छात्रावास में 31 अंतरराष्ट्रीय छात्र और 8 भारतीय छात्र रह रहे हैं। विवि प्रशासन द्वारा इन छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन योग शिविर का आयोजन करता है, जिसमें प्रतिदिन सुबह प्रशिक्षक बॉबी विद्यार्थियों को विभिन्न आसन व प्राणायाम करवाते हैं। शिविर में छात्राएं भी उत्साह से शिरकत कर रही हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में विदेशी छात्रों ने किया योग

**शिविर**

लखनऊ | निज संवाददाता

समस्त भारत आज कोरोना महामारी से जूझ रहा है। सभी छात्रावास खाली हो चुके हैं, एकमात्र निवेदिता छात्रावास पूरे विश्व विद्यालय का ऐसा छात्रावास है जहां 31 अंतरराष्ट्रीय छात्र और आठ भारतीय छात्र रह रहे हैं। निवेदिता छात्रावास में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में रविवार को योग करते विद्यार्थी।

इस शिविर में हिस्सा लिया प्रतिदिन सुबह प्रशिक्षक बॉबी आसन व प्राणायाम की शिक्षा लॉकडाउन के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, निवेदिता छात्रावास में रह रहे छात्रों को प्रदान करते हैं।

कुछ दिन पहले ही निवेदिता छात्रावास में मास्क डिस्पेंसिंग मशीन भी लगाई गई यह मशीन पूरी तरह से भारत में ही बनी हुई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत तैयार की गई है। मास्क वेंडिंग मशीन में छात्र 5 रुपये का सिक्का डाल मास्क प्राप्त कर सकते हैं। कोरोना महामारी से लड़ते हुए विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें लगातार दो महीने तक कम्युनिटी किचन चलाकर निवेदिता छात्रावास ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मानवता का साथ दिया है। विश्वविद्यालय में एनएसएस द्वारा मासिक बैंक की स्थापना व समस्त विश्वविद्यालय परिवार में मुफ्त मास्क का वितरण भी इस लड़ाई में सहयोगी रहा है। इसी क्रम में आज कोरोना की दूसरी बाढ़ के समय योग और आसन से छात्रों को स्वस्थ रखने का संकल्प कोरोना के खिलाफ लखनऊ विश्वविद्यालय की लड़ाई में सहभागी रहेगा।

## i-NEXT PAGE 3

### तीसरे और पांचवें सेमेस्टर का रिजल्ट जल्द

**LUCKNOW (25 April):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए स्नातक और परास्नातक के पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं को न करवा कर छात्रों को प्रमोट करने की प्रदेश सरकार से अनुमति मांगी है. बता दें कि स्नातक की तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं कोरोना महामारी की दूसरी लहर से पहले कराई जा चुकी थीं और इनके परिणाम जारी करने की प्रक्रिया चल रही है.

**कल होगा अपलोड**

परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एएम सक्सेना ने बताया कि स्नातक के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित कर दिए जाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि बीए आनर्स प्राचीन भारतीय इतिहास, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, समाज कार्य, मनोविज्ञान और हिंदी के अलावा बीए, बी-एससी और बीकॉम के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के परिणाम पर कार्य लगभग समाप्त हो चुका है, उम्मीद है कि कल तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिए जाएंगे.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

### लविवि में नियमित और संविदा पदों पर होगी भर्ती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अपने 180 नियमित और कई विभागों में संवदिा पदों पर भर्ती प्रक्रिया की तैयारी पूरी कर ली है। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसके तहत कुलपति की ओर से गठित समिति द्वारा रिक्रूटमेंट के लिए रिजर्वेशन रोस्टर का निर्माण, आवेदनों का आमंत्रण, आवेदनों की स्क्रीनिंग की गयी है।

स्क्रीनिंग कमेटी के प्रमुख विभागाध्यक्षों को रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदनों को पढ़ने व उनकी स्क्रीनिंग करने के लिए आईडी और पासवर्ड दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि उसकी मदद से हर विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी यूजीसी के 2018 रेजोल्यूशन के आधार पर आवेदनों को रिव्यू कर सके।



● 180 पदों की भर्ती प्रक्रिया तैयार

इसके अलावा रिक्रूटमेंट पोर्टल पर ऑटोमैटिक दिये हुए स्कोर का स्क्रीनिंग कमिटी रिव्यू करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी के पास अधिकार होगा कि वह कम्प्यूटर के स्कोर को संशोधित करे, मगर ऐसा करने पर उन्हें रिक्रूटमेंट पोर्टल पर ही वजह भी अंकित करनी होगी। साथ ही सभी समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर सहित एक रिपोर्ट डीन, रिक्रूटमेंट सेल को भी उपलब्ध करानी होगी। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा दिये गये स्कोर का वैलिडेशन दोबारा संकायाध्यक्ष, डायरेक्टर आईक्यूएसी और रजिस्ट्रार (अथवा उनके नॉमिनी) की एक कमेटी करेगी। यह कमेटी अपनी टिप्पणियों सहित एक रिपोर्ट डीन रिक्रूटमेंट सेल को भेजेगी। इसके बाद कुलपति से अनुमति ली जायेगी। फिर स्क्रीनिंग के बाद सफल हुए अभ्यर्थियों की एक सूची उनके प्राप्तांकों के साथ रिक्रूटमेंट पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी। प्राप्त अंकों के विषय में कोई भी जानकारी स्क्रीनिंग कमेटी, संकाय अध्यक्ष, आइक्यूएसी के निदेशक और रजिस्ट्रर की ओर से सम्मिलित रूप से सुनी जायेगी।

डॉ दुर्गेश ने बताया कि विज्ञापित पद पर कितने आवेदकों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा, यह निर्णय कुलपति का होगा। ऑनलाइन साक्षात्कार की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। सभी साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर आवेदकों द्वारा रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदन के समय दिये गये रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर ही भेजे जायेंगे।